**बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल**

**राष्ट्रीय सेवा योजना**

nssco.bubpl@gmail.com, asaxena139@yahoo.co.in, 9826329683 -

क्रमांक 229 /रासेयो/2024 भोपाल, दिनांक 30.09.2025

प्रति,

कुलसचिव,
मानसरोवर विश्वविद्यालय, कोलार,
जिला – भोपाल

**विषय : आपकी संस्था में राष्ट्रीय सेवा योजना की नवीन इकाई का संचालन ।**

**संदर्भ :– म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल का पत्र क्र. 722/201/एनएसएस/25/38 भोपाल दि.26/09/2025**

महोदय,

आपके द्वारा प्रस्तावित पत्र के संदर्भ में अवगत कराना है कि आपके संस्थान में वर्ष 2025–26 से 100 छात्र–छात्राओं की संयुक्त नवीन वित्तीय इकाई प्रारम्भ की जा रही है । इस संबंध में सर्वप्रथम आपको ऐसे सहायक प्राध्यापक/व्याख्याता को कार्यक्रम अधिकारी के पद पर नियुक्त करना है जिसकी आयु 50 वर्ष से कम हो तथा वह समाज सेवा आदि कार्यों में रुचि एवं छात्रों को नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता रखते हों ।

**छात्र–छात्रा संयुक्त इकाई हेतु पुरूष/महिला किसी को भी कार्यक्रम अधिकारी नियुक्त किया जा सकता है। यह आवश्यक शर्त है कि संस्था स्तर सात दिवसीय शिविर में यदि छात्राएं जाती हैं तो महिला सहयोगी शिविर में अवश्य होना चाहिए। क्रीड़ा अधिकारी/व्यायाम शिक्षक/ग्रन्थपाल/ एन.सी.सी. प्रभारी शिक्षक को कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के पद पर नियुक्त नहीं किया जावे ।** नियुक्त कार्यक्रम अधिकारी से यह अपेक्षा है कि रासेयो गतिविधियों में निष्ठा एवं लगन से कार्य कर योजना को गति प्रदान करें एवं छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में योगदान देकर उन्हें रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें।


संस्था से अपेक्षा है कि रासेयो गतिविधियों में स्वयंसेवकों के साथ सम्पूर्ण संस्थान की संलग्नता रहे तथा शिक्षण कार्य के अलावा रासेयो गतिविधियों के लिए स्वयंसेवकों/कार्यक्रम अधिकारी को छूट प्रदाय की जाय । वर्ष भर संस्था एवं गोद ग्राम में नियमित गतिविधियों के अलावा गोद ग्राम में सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर का आयोजन अनिवार्यतः किया जाय । वित्त हेतु शून्य आधारित सहायक खाता खोलना है जिसके समस्त पत्र व निर्देश अलग से जारी किये जा रहे हैं। यदि अन्य कोई और जानकारी चाहे तो अधोहस्ताक्षरकर्ता से भी संपर्क करने हेतु कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें।

आपसे निवेदन है कि कार्यक्रम अधिकारी को नियुक्त कर उनका नियुक्ति आदेश शीघ्र भिजवाने का कष्ट करें । राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का बोर्ड संस्था में अवश्य लगवा दें । रासेयो छात्र–छात्राओं के पंजीयन हेतु आवेदन पत्र की एक प्रति संलग्न कर भेजी जा रही है । कृपया पंजीयन कार्य शीघ्र पूर्ण करके उसकी सूची की साफ़्ट प्रति मेल करवा दें । अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए रासेयो प्रकोष्ठ के ई मेंल/दूरभाष/व्हाट्स एप से सम्पर्क किया जा सकता है । संस्था में की गई रासेयो गतिविधियों की रिपोर्टिंग उचित माध्यम से की जाय।

संलग्न :

1. कार्यक्रम अधिकारी जीवन वृत्त प्रपत्र
2. स्वयंसेवक पंजीयन प्रपत्र
4. बोर्ड का प्रारूप

**डॉ. अनंत कुमार सक्सेना**
कार्यक्रम समन्वयक रासेयो



# राष्ट्रीय सेवा योजना बोर्ड का प्रारूप

प्रत्येक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को अपने महाविद्यालय/विद्यालय में एक राष्ट्रीय सेवा योजना का बोर्ड अनिवार्य रूप से लगवाना है इसका प्रारूप निम्नानुसार है :-



